# विहिप, बजरंग दल ने निकला रंग पंचमी चल समारोह





भोपाल (हिनप्र)।

**विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल संत ,नगर द्वारा रंग पंचमी पर चल समारोह निकाला गया, जो संतनगर बस स्टैंड से प्रारंभ हुआ। आदर्श मार्ग से होते हुए, आरा मशीन रोड से कालिका मंदिर पर जुलूस का समापन हुआ।**

जुलूस में डीजे पर बज रहे भजनों पर लोग रंग-गुलाल उड़ाकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। टैंकर से पानी का छिड़काव किया गया। सभी ने नृत्य करते हुए एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। चल समारोह में भोपाल विभाग सह धर्म प्रसार प्रमुख जीतू कटारिया, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर, प्रखंड अध्यक्ष त्रिलोक भाऊ, प्रखंड संयोजक करण नागर, प्रखंड मंत्री युवराज मीना, करण राजोरिया, जिला के राजेश ठाकुर, जीतू हेमनानी, विक्रम मीणा, लखन विश्वकर्मा, रवि मराठा, देवी सिंह, भूपेंद्र भार्गव, जिला संयोजक गजेंद्र चौहान, जिला के दयाराम मेहर, गम्मु मेहरा, अमित मीना, रवि मेहर ,मिथुन यादव, धर्मेंद्र यादव, रोहित शर्मा, लोकेश यादव, सतीश यादव, संदीप पचोरी रोहित मल्होत्रा, संतनगर प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### *हरि चेतन आश्रम में फूलों की होली खेली, सत्संग भी हुआ*

*हरि चेतन आश्रम कोलूखेड़ी में रंग पंचमी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम में रंग पर्व पर फूलों की होली की शुरुआत समाजसेवी चेतनदास पारदासानी ने की थी। उनके दिवंगत होने के बाद पारदासानी परिवार रंग पंचमी पर गीत संगीत और फूलों की होली आयोजित करता है, जिसमें संतनगर के धर्म गुरु, विचारक, समाजसेवी, व्यापारी और विशिष्टजन हिस्सा लेते हैं। श्री चेतनदास पारदासानी द्वारा शुरू की गई परंपरा में बुधवार को संत-महात्माओं का सत्संग और कीर्तन के हुआ और फूलों संग होली खेली गई। कार्यक्रम राम कुमार पारदासानी, दौलत राम पारादासानी, माधवदास पारदासानी, एवं पारदासानी परिवार ने किया। पर्व की बधाई देने टैंपल ऑफ संबोधि के वेदांत विचारक लाल साईं, शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी महाराज और नरेश पारदासानी ने पर्व की बधाई दी। कहा, अवसर गिले शिकवे भूल कर गले लगाने का है।*

# प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने मनाई कर्ज पंचमी



**भोपाल ( काप्र )।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को रंग पंचमी का त्योहार कर्ज पंचमी के रूप में मनाया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को गुलाल लगा कर राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए कर्जा ले रही है।

इस दौरान कार्यकर्ता हाथ में कार्टून बनी तख्तियां लिए हुए थे। इनमें सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के विरोध में स्लोगन लिखे हुए थे। शुक्ला ने कहा कि सरकार की हालत यह है कि वह 15 दिन में तीसरी बार कर्ज लेने जा रही है। रंगपंचमी के दिन 19 मार्च को सरकार 2,000-2,000 करोड़ की तीन किश्तों में कुल 6,000 करोड़ रुपए का लोन लेगी। एक महीने के भीतर लिए गए कुल 16,000 करोड़ रुपए के कर्ज के साथ यह अब तक की सबसे बड़ी उधारी होगी। इस नए कर्ज को जोड़कर 2025 में अब तक सरकार 27,000 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी होगी, जबकि पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार का कुल कर्ज 57,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। भाजपा के 21 वर्ष पूरे हो जाने पर प्रदेश की देव तुल्य जनता को बढ़ती महंगाई के साथ कर्ज के बोझ का दर्द का तोहफा सरकार द्वारा रंगपंचमी के त्यौहार पर दिया जा रहा है। आखिर वो कौन सी मजबूरियाँ हैं इस सरकार की जो भारी भरकम कर्ज ले रही है। आखिर वो कौन है जिसके इशारे पर प्रदेश को खोखला किया जा रहा है। अधीनस्थ विभागों में कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं, पेंशनर्स को महंगाई भत्ता व डीए० की माँग को अनदेखा करना। विधवा, वृद्धावस्था पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं। आम जनता से भारी-भरकम बिजली बिल व अवैध चालानों की रकम अनाप शनाप टैक्स की वसूली, टोल नाकों पर भारी भरकम रकम वसूलने वाली ये सरकार कर्ज में ली जाने वाली रकम कहाँ ले जा रही है? जवाब दें, हिसाब दें। इस अवसर पर रविशंकर मिश्रा, तारिक अली, मुकेश पंथी, प्रिंस नवांगे, अमित खत्री, मुजाहिद सिद्दीकी, संदीप सरवैया, अलीम उद्दीन बिल्ले, साद उस्मानी, जितेंद्र सिंह, सुशील ठाकुर, अनूप पांडे, दर्शन कोरी, मौजूद थे।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया वर्षगॉठ



भोपाल (काप्र)।

**केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86 वॉ वर्षगॉठ ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमन कांत तिग्गा, महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश सेक्टर के द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विशेष सैनिक सम्मेलन के माध्यम से जवानों को संबोधित किया जिसमें स्टेशन में पदस्थ सभी कार्यालयों के अधिकारियों / कार्मिकों को केरिपुबल के 86 वॉ वर्षगॉठ की शुभकामनाएँ एवं दिवस की बारे में विशेष जानकारी दी गयी । 27 जुलाई, 1939 को नीमच में क्राउन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस के नाम से इस बल की स्थापना हुई थी। भारत की आजादी के बाद, 28 दिसम्बर, 1949 को सीआरपीएफ अधिनियम लागू होने पर इस बल को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का नाम दिया गया। वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष 19 मार्च को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की वार्षिक परेड का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में इसे केरिपुबल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र भोपाल एवं 41 बटालियन के मध्य वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 41 बटालियन विजयी हुई।

# किशोर अवॉर्ड समारोह और कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति 22 को

**भोपाल ( काप्र )।** बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार को समर्पित संस्था किशोर कुमार फैंस क्लब की ओर से 22 मार्च को कुमार शानू के गीतों की श्रृंखला एवं किशोर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भोपाल हाट परिसर स्थित 9 मसाला रेस्टोरेंट परिसर में होगा। इस अवसर पर शहर के शौकिया कलाकारों की लाइव प्रस्तुति होगी। समारोह के संयोजक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध गायिका संदीपा पारे को किशोर अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. टीएन दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय पोफली, वरिष्ठ गायक राजेन्द्र मालवीय, डीएसपी अजय मिश्रा, गेस्ट्रो सर्जन डॉ. अभिजीत देशमुख, आरके बरेले, गायिका मिहिका, अनिल मयूर, शत्रुघ्न शिव और गुरुजी चौकसे द्वारा कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध रंगकर्मी राजीव वर्मा, सितार वादिका स्मिता नागदेव, पद्मश्री उमाकांत गुंदेचा, कला विशेषज्ञ गिरिजा शंकर, डॉ. राज मेहिया, हरिओम जटिया, रिटायर्ड आईएएस एमएम उपाध्याय, बीके भारती और अमित यादव मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा।

# आरआईई के मास्टर ट्रेनर कार्यशाला प्रारंभ



**भोपाल ( काप्र )। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान ( आरआईई )म.प्र. पी.एम. स्कूल के मास्टर ट्रेनर हेतु संवैधानिक मूल्यों, नागरिकता कौशल एवम् भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।**

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्थान के प्राचार्य प्रो. जयदीप मंडल ने संविधान ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए देश की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संवैधानिक मूल्यों जैसे-बहुलता, समानता, न्याय को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

कार्यशाला में संवैधानिक मूल्यों के साथ ही नागरिक कौशल, वैश्विक नागरिक कौशल और भारतीय ज्ञान परंपरा पर भी गतिविधि आधारित सत्रों का आयोजन किया जायेगा। थियेटर पेडोगोजी जैसे नवाचारों पर क्षहस्ह सत्र लिये जायेंगे। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलो से 52 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. संगीता पेठिया ने बताया की यह मास्टर ट्रेनर आगे अपने क्षेत्रों के विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे जिससे कि विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों का विकास किया जा सके एवं उन्हें इक्कसवीं सदी के कौशलों में निपुण कर जागरूक नागरिक बनाया जा सके।

# भारत भवन में आज होगी सिल्वर फ्लूट और बांसुरी की जुगलबंदी

**भोपाल ( काप्र )।** कलाओं के घर भारत भवन में 20 मार्च को संगीत की विशेष सभा का आयोजन किया जा रहा है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि इस सभा में संगीत प्रेमियों को पहली बार अंतरंग सभागार में सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी की प्रस्तुति देखने का अवसर मिलेगा। भारत भवन और आलियांस फ्रांसिस द भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह संगीत सभा इंडो-फ्रेंच क्लासिकल कंसर्ट के अंतर्गत हो रही है। इसमें फ्रेंच कलाकार श्री सेमुएल ब्रिकाल्ट और भारतीय कलाकार ऋषभ प्रसन्ना की सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी होगी।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

## 'अंतरिक्ष परी' सुनीता ने रचा ....

था। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के वैज्ञानिकों ने ड्रैगन क्राफ्ट से उतरते ही जोरदार खुशी के साथ स्वागत किया और उन्हें सभी मेडिकल सुविधाओं के साथ तैयार किए गए नावों में ले जाया गया। सुश्री विलियम्स और बुच विलमोर जून 2024 से आईएसएस पर थे, जब बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान, जिस पर वे अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण कर रहे थे, में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। स्प्लैशडाउन से ठीक पहले, नासा ने एक्स पर पोस्ट किया कि नासा एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर और कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में पृथ्वी पर लौट रहे हैं। क्रू9 स्प्लैशडाउन 5.57 बजे ईटी (2157 यूटीसी) के लिए लक्षित है। रिपोर्टों के अनुसार अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस को अलविदा कहकर अपनी पृथ्वी पर वापसी यात्रा शुरू की। उनकी सुरक्षित लैंडिंग ने एक लंबे मिशन को समाप्त किया, जो शुरू में केवल एक सप्ताह तक चलने वाला था, लेकिन अप्रत्याशित देरी और अंतरिक्ष यान की समस्याओं के कारण बढ़ गया था। सुश्री विलियम्स और बुच विलमोर जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण करने के लिए गए थे और एक सप्ताह से अधिक समय तक अंतरिक्ष अभियान पर रहे। लेकिन बोइंग स्टारलाइनर पर प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। तब से, सुश्री विलियम्स आईएसएस पर रहीं, प्रतिस्थापन शटल की प्रतीक्षा कर रही थीं जो पृथ्वी पर वापस आ गई थी। नासा ने पोस्ट किया कि क्रू9 का डीऑर्बिट जलना शुरू हो गया है। आठ मिनट के थ्रस्टर फायर के बाद, इसने स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा तट के पास अपने अंतिम स्प्लैशडाउन साइट पर एक सटीक ट्रेजेटरी पर रखा।

## 2000 रुपए तक के भीम-.....

ने कहा है कि इस योजना के अंतर्गत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000- तक के यूपीआई (पी2एम) लेनदेन को शामिल किया गया है। इस योजना में छोटे व्या पारियों को दो हजार रुपये तक के भुगतान के लिए शून्य एमडीआर (0.15 प्रतिशत की दर) से प्रोत्साहन दिया जाता है। विज्ञप्ति के अनुसार योजना की सभी तिमाहियों के लिए, अधिग्रहण करने वाले बैंकों (धन प्राप्त करने वाले बैंकों) द्वारा स्वीकृत दावा राशि का 80 प्रतिशत बिना किसी शर्त के वितरित किया जाएगा। स्वीकृत दावे का 10 प्रतिशत केवल तभी प्रदान किया जाएगा, जब अधिग्रहण करने वाले बैंक की तकनीकी गिरावट 0.75 प्रतिशत से कम होगी और, स्वीकृत दावे का शेष 10 प्रतिशत केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब अधिग्रहण करने वाले बैंक का सिस्टम अपटाइम 99.5 प्रतिशत से अधिक होगा। सरकार का कहना है कि चूंकि छोटे व्यापारी मूल्य-संवेदनशील होते हैं, इसलिए यह कदम उन्हें यूपीआई भुगतान स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सरकार का लक्ष्य फीचर फोन आधारित (यूपीआई 123पेय) और ऑफलाइन (यूपीआई लाइट/यूपीआई लाइटएक्स) भुगतान समाधान जैसे अभिनव उत्पादों को बढ़ावा देकर टियर तीन से छह तक के शहरों, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में यूपीआई का प्रवेश कराना है। आरबीआई के अनुसार, सभी कार्ड नेटवर्क (डेबिट कार्ड के लिए) पर लेनदेन मूल्य का 0.90 प्रतिशत तक और एनपीसीआई के अनुसार, यूपीआई पी2एम लेनदेन के लिए लेनदेन मूल्य का 0.30 प्रतिशत तक एमडीआर लागू है। रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंत्रिमंडल की स्वीकृति के साथ लागू किया गया है। सरकार ने इसके लिए वर्ष 2021-22 में 1389 करोड़ रुपये, 2022-23 में 1110 करोड़ रुपये और 2023-24 में 3631 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया है।

## बिना गोली चलाए अनुच्छेद .....

दिया। उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खाथिंग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। श्री सिंह न केवल तवांग बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वोत्तर के लिए उन्होंने जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा कि हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा - अनुच्छेद 370 - को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया। रक्षा मंत्री ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

# मार्केट में सफल होने के लिए इनोवेशन होना ज़रूरीः जोसफ

**भोपाल ( हिनप्र )।** मैनेजमेंट स्टूडेंट्स में कॅरियर के लिए सही माइंडसेट होना बहुत ज़रूरी है। सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए अपने कार्य के लिए पैशन बनाए रखें।

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में आयोजित स्पेशल सेशन सदरलैंड ग्लोबल सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अनिल जोसफ ने कहा कि आज के कॉम्पिटिटिव मार्किट में सफल होने के लिए इनोवेशन का होना ज़रूरी है। सेल्फ डिसिप्लिन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मैनेजमेंट की छात्राओं के लिए कई मौके हैं, जिनमें वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकती हैं। कॉर्पोरेट वर्ल्ड के प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस के बारे में उन्होंने बताया कि सही प्लानिंग से कॉम्पिटिटिव जॉब मार्किट में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न सेक्टर विशेषतः आई. टी. सर्विसेज में मैनेजमेंट छात्राओं के लिए अवसरों से अवगत कराया एवं कहा कि हमेशा सीखते रहना आवश्यक है। बिज़नेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग सेक्टर में उन्होंने विभिन्न मिथक एवं वास्तविकता को समझाया। हमेशा अपने आपको अपडेट रखने से निरंतर प्रगति मिलती है। उन्होंने प्रेज़ेंटेशन में कल्चरल सेंसिटिविटी का महत्त्व बताते हुए कहा कि कॉर्पोरेट वर्ल्ड में सेल्फ डिसिप्लिन का होना ज़रूरी है। छात्राओं को इंडस्ट्री रेडी प्रोफेशनल बनाने के लिए उन्होंने अपने एक्सपीरियंस को साझा किया। सत्र के अंत में छात्राओं के द्वारा कई प्रश्न पूछे गए, जिसके उत्तर एक्सपर्ट के द्वारा दिए गए। इंडस्ट्री एवं एकेडेमिक्स के गैप को पूरा करने के लिए यह सेशन प्रभावी साबित हुआ। इस सत्र के आयोजन के लिए, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को बधाई दी।

# राज्यस्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड का आयोजन आज से

**भोपाल ( काप्र )।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आयोजित राज्यस्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड अंग्रेजी प्रतियोगिता 20 एवं 21 मार्च 2025 को भोपाल के प्रगत शैक्षिक संस्थान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर की अंग्रेजी ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी पूर्व में शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहाँ तक पहुँचे हैं। अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के लगभग 14 लाख 60 हजार विद्यार्थी ने भाग लिया था। भोपाल में 20 एवं 21 मार्च को भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रत्येक जिले से कक्षा 2 से 8 के 364 विजेता विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

# माता जानकी के भजनों के साथ भौंरी में रंगपंचमी पर्व मनाया



भोपाल (काप्र)।

रंग पंचमी के पावन अवसर पर भौंरी गांव में स्थित सबसे प्राचीन स्थल गुरु महाराज जी के चबूतरे पर पंडित जीवनदास बैरागी एवं उमेश प्रजापति की भजन मण्डली द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बनवारी दास ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में रंग, गुलाल और खुशियों की बौछार के बीच नाच-गाने का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मण्डली के कार्यकर्ता एवं भौंरी वासियों ने रंगपंचमी के मौके पर रंगों के पर्व का आनंद उठाया। रंगपंचमी फाग उत्सव के दौरान जीवनदास बैरागी ने गणपति वंदना के साथ रंगपंचमी होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। इसमें मुख्य रूप से भजन गायक जीवन दास बैरागी, उमेश प्रजापति, ढोलक मास्टर अरविंद दास, ऋषि सहित महेंद्र भार्गव, प्रवीण भार्गव, सुरजीत प्रजापति, फंदा से बबलू, सोलंकी, युवा नेता बसंत वैष्णव, राम मैरिज गार्डन के संचालक मनोज सिंगरौली, देवेंद्र शर्मा, अचल नागर , आसाराम प्रजापति, धर्मेंद्र यादव, सतीश पंडोल, सुनील सेन, आदि मौजूद थे।

# मैं से हम बने तो संस्थान आगे बढ़ेंगे : प्रो. शुक्ला

भोपाल (काप्र)।



एनआईटीटीटीआर तक मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग केप्रधानमंत्री उत्कृष्टता और स्वशासी महाविद्यालयों के प्राचार्यों हेतु संस्थान के प्रशासन और प्रबंधन के लिए शैक्षणिक नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. धीरेन्द्र शुक्ला, ओएसडी उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि जिससंस्थान में आप कार्य करते है वह आपके लिए सर्वोपरिहोना चाहिए। मैं से हम बने तो संस्थान आगे बढ़ेंगे। आप सभी कुशल प्रशासक के रूप में उदाहरण प्रस्तुत करें एनआईटीटीटीआर के निदेशक, प्रो. सी. सी. त्रिपाठी ने कहा कि यदि दृढ़ इच्छाशक्तिहो तो कुछ भी असंभव नहीं है प्राचार्यों का कर्तव्य है कि वे अपने महाविद्यालयों में एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहाँ छात्र, शिक्षक और प्रशासन एक साथ मिलकर संस्थान के उद्देश्यों की ओर अग्रसर हो सकें। प्रो. संतोष भार्गव नेप्राचार्यों के प्रभावी नेतृत्व के गुणों को रेखांकित किया। प्रो. अजय अग्रवाल ने निटर भोपाल और उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा किशैक्षिक नेतृत्व को प्रभावी बनाने के लिए निरंतर सीखने और आत्ममूल्यांकन की आवश्यकता होती है।उक्त कार्यक्रम में प्रो. पी.के. पुरोहित, प्रो. बी.एल. गुप्ता थे, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. पराग दुबे, प्रो. आर. के दीक्षित वप्रो. आशीष देशपांडे उपस्थित थे।

# वनवासी कल्याण परिषद की भोपाल इकाई ने मनाया होली मिलन समारोह

**भोपाल ( काप्र )।** रंग पंचमी के अवसर पर वनवासी कल्याण परिषद, भोपाल महानगर की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एमपी नगर जोन 1 स्थित वनवासी कल्याण परिषद के एकलव्य संकुल परिसर में आयोजित इस समारोह में परिषद के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और जमकर धूम मचाई। इस दौरान परिषद की महिला इकाई की भी सदस्य उपस्थित हुईं और उन्होंने फूलों से होली खेली। आपसी प्रेम व भाईचारे के इस मिलन उत्सव में जहां व्यंजनों का स्वाद था तो दूसरी तरफ होली के गीतों पर उपस्थित कार्यकर्ताओ ने डांस किया और एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह, सूर्यनारायण सूरी अखिल भारतीय संगठन मंत्री जनजातीय सुरक्षा मंच, प्रवीण ढोलके, अखिल भारतीय प्रशासनिक प्रमुख, सौभाग सिंह मुजाल्दा प्रांत अध्यक्ष, तिलक राज दांगी, प्रांत संगठन मंत्री, योगीराज परते, प्रांत महामंत्री, भोपाल जिला सचिव, अमित सिकरवार, महिला इकाई की प्रांत प्रमुख रश्मि कुलकर्णी, संजय सक्सेना, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख, जिला मीडिया प्रभारी रंजना चितले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

